उज्जीवन में देर से तेजी आई अमीर निवेशक परेशान

कई अमीर निवेशकों (एचएनआई) को उज्जीवन में अपने निवेश से निकलने के संबंध में जल्दबाजी दिखाने की वजह से अफसोस जताना पड़ रहा है। ऐसे 600 से अधिक निवेशकों ने कंपनी के आईपीओ में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक का दांव लगाया था। उज्जीवन का शेयर सिर्फ 10 रुपये की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ जिससे महज उनकी ब्याज लागत ही निकल पाई। चूंकि आईपीओ ऋण संक्षिप्त अवधि के लिए दिए जाते हैं इसलिए इनमें से ज्यादातर निवेशकों को अपने शेयर बेचने पड़े। इसके बाद उज्जीवन के शेयर में 60 फीसदी से अधिक की तेजी दर्ज की जा चुकी है। शुक्रवार को इस शेयर ने 400 रुपये की ऊंचाई को छुआ जो 210 रुपये की उसकी निर्गम कीमत की तुलना में लगभग दोगुना है। इस वजह से कई एचएनआई को लाभ नहीं होने का पछतावा हो रहा है। *- समी मोडक*